प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
07.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19.45बजे

मुख्य समाचार''

- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा– जवाबदेही के साथ करें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का इस्तेमाल।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–कांग्रेस के संगठन विस्तार की तैयारियां पूरी–इसी महीने होगी घोषणा।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप– प्रदेश सरकार पर एफआईआर दर्ज करने की सनक सवार।
- प्रदेश हाईकोर्ट का भाजपा विधायक रणधीर शर्मा के चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका खारिज करने से इंकार।
- प्रदेश में तीसरे दिन भी वर्षा व बर्फबारी का दौर जारी– तापमान में जोरदार गिरावट से बढ़ी कंपकपी।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का जवाबदेही के साथ इस्तेमाल करने पर जोर दिया है ताकि शब्दों की पवित्रता और शक्ति बनी रहे। राज्यपाल ने आज दिल्ली विश्वविद्यालय के विधि संकाय द्वारा भारत में द्वेषपूर्ण भाषण और चुनाव राजनीति विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि शब्दों का बहुत गहरा प्रभाव होता है। उन्होंने कहा कि शब्दों से मित्रता व शत्रुता दोनों ही हो सकती है, इसलिए इनका इस्तेमाल विनम्रता और गरिमा के साथ किया जाना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि एक सभ्य समाज में हमारे वार्तालाप में शालीनता और सम्मान झलकना चाहिए। उन्होंने द्वेषपूर्ण भाषा की बढ़ती प्रवृति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के कुछ प्रतिनिधियों व वर्गों के बीच सार्वजनिक संवाद का गिर रहा स्तर निराशाजनक है। राज्यपाल ने शिक्षकों से युवा पीढ़ी को भाषा के जिम्मेदाराना इस्तेमाल के प्रति संवेदनशील बनाने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का युवाओं के मन पर गहरा प्रभाव पड़ता है।

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस का संगठन इसी महीने बना दिया जाएगा। सुक्खू ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि संगठन के विस्तार की तैयारियां पूरी कर ली गई है और इसी महीने के अंत तक इसकी घोषणा भी कर दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पर हुए हमले की निंदा की और कहा कि ये घटना दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में समय से पहले सर्दियों की शुरूआत को जलवायु परिवर्तन का नतीजा करार दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में मौसम में आसामान्य बदलावों के संकेत स्पष्ट दिख रहे हैं। मुख्यमंत्री ने ये भी कहा कि प्रदेश में अब सब कुछ सामान्य हैं और पर्यटक अब यहां घूमने आ सकते हैं।

<u>मुख्यमंत्री</u>

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार अपने सीमित संसाधनों से आपदा प्रभावितों की हर संभव सहायता कर रही है और सरकार प्रभावित लोगों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री आज शिमला में आपदा प्रभावित क्षेत्रों के लिए राहत सामग्री के 5 वाहनों को हरी झंडी दिखाने के मौके पर बोल रहे थे। ये राहत सामग्री अंतर्राष्ट्रीय लायंस क्लब ने दान दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार मॉनसून के दौरान आई आपदाओं में 4 सौ 54 लोगों की जान चली गई और सार्वजनिक व निजी संपत्ति को भारी नुकसान हुआ। उन्होंने प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए आगे आए संगठनों व लोगों के प्रयासों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने आपदा प्रभावितों के लिए विशेष राहत पैकेज की घोषणा की है।

<u>चंद्रकुमार</u>

कृषि मंत्री चंद्रकुमार ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में देशभर में उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। धर्मशाला में प्राकृतिक खेती विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला के शुभारम्भ के अवसर पर चंद्रकुमार ने कहा कि प्राकृतिक खेती, पर्यावरण, मिट्टी और किसानों की समृद्धि के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और प्रोत्साहन के माध्यम से प्राकृतिक खेती को जनआंदोलन बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कृषि मंत्री ने किसानों से आग्रह किया कि वे इस दिशा में आगे बढ़कर आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ पर्यावरण और सुरक्षित अन्न सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राज्य में अभी तक 3 लाख 6 हजार किसानों व बागवानों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

<u>अनिरूद्ध</u>

ग्रामीण विकास व पंचायतीराज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा है कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर विकास कार्य करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। अनिरूद्ध सिंह कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दूसरे दिन विभिन्न पंचायतों में लोगों की समस्याएं सुनने के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वे लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए सभी संभव प्रयास कर रहे हैं। अनिरूद्ध सिंह ने कावंती से पधार, लोहार कैंची से रिहाड़ और पोडलधार से रवाणी सड़क की आधारशीला रखी। उन्होंने सतोग पंचायत घर परिसर में टाईलें व रैलिंग लगाने के लिए 10 लाख रुपये देने की घोषणा भी की।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार पर एफआईआर दर्ज करने की सनक सवार हो गई है। जयराम ठाकुर ने आज मंडी में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि सुक्खू सरकार की नाकामी के खिलाफ जहां से भी कोई आवाज उठती है वहां सीधे मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य की जनता को परेशान करने की नीति पर चल रही है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने दाड़लाघाट में कॉलेज की छात्राओं पर एफआईआर दर्ज करने की निंदा की। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इन छात्राओं को घंटों धूप में बैठाया गया और जब खाना नहीं मिलने पर इन्होंने विरोध जताया तो उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया गया, ताकि सरकार की नाकामी को छुपाया जा सके। उन्होंने सरकार के इस कदम को तानाशाही करार दिया। जयराम ठाकुर ने सरकार का टूल बनकर काम कर रहे अधिकारियों को भी अपने विवेक से काम करने की सलाह दी।

संजय अवस्थी

इस बीच अर्की से कांग्रेस विधायक संजय अवस्थी ने कहा है कि मुख्यमंत्री के दाड़लाघाट प्रवास के दौरान नारेबाजी की घटना भाजपा की पूर्व नियोजित साजिश थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम में 10 हजार से अधिक लोग एकत्रित थे, जिनमें अधिकांश महिलाएं थी। ऐसे में भाजपा ने लोगों का ध्यान आकार्षित करने के लिए नारेबाजी का पैंतरा आजमाया। उन्होंने कहा कि एफआईआर एक नियमित प्रक्रिया है और मामले की जांच की जा रही है।

हाईकोर्ट

प्रदेश हाईकोर्ट ने भाजपा विधायक रणधीर शर्मा के चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज करने से इंकार कर दिया है। श्री नयना देवी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे रामलाल ठाकुर ने चुनाव याचिका दायर का रणधीर शर्मा के चुनाव को चुनौती दी है। रणधीर शर्मा ने याचिका में कानूनी खामियां दर्शाते हुए याचिका को खरिज करने की मांग की थी। हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अजय मोहन गोयल ने चुनाव याचिका को प्रारंभिक मुद्दे पर याचिका खारिज करने से इंकार कर

दिया। अदालत ने याचिकाकर्ता को दायर शपथ पत्र में मौजूद कमियों को 15 अक्तूबर तक दूर करने और नया हल्फनामा दायर करने को भी कहा है।

## दुर्घटना

बिलासपुर ज़िला में कलोल से घुमारवीं आ रही एक बस के भूस्खलन की चपेट में आ जाने से 6 लोगों की मौत हो गई है। ये घटना भलू पुल बरठीं के पास हुई है। मुख्यमंत्री ने इस घटना पर गहरा दुख जताया है।

## राजेश धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि खेल व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि खेलों से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि टीम भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास जैसे गुणों का भी विकास होता है। धर्माणी आज घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के हटवाड़ में आयोजित तीन दिवसीय ज़िला स्तरीय छात्र खेलकूद प्रतियोगिता के उद्‌घाटन अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जीत और हार जीवन के दो महत्वपूर्ण अनुभव हैं जो व्यक्ति को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। इस प्रतियोगिता में ज़िले भर से 4 सौ 68 छात्र विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं में हिस्सा ले रहे हैं।

## मौसम

प्रदेश में आज लगातार तीसरे दिन वर्षा व बर्फबारी का दौर जारी रहा। इससे तापमान में जोरदार गिरावट आई है और लोगों को अक्तूबर महीने में ही दिसम्बर जैसी सर्दी का एहसास हो रहा है। राज्य के अधिकांश हिस्सों में आज दिनभर रूक–रूक कर वर्षा का दौर जारी रहा जबकि जनजातीय ज़िला लाहौल स्पीति, किन्नौर, चंबा ज़िला के पांगी व भरमौर, धौलाधार पहाड़ियों और शिमला, मंडी व कुल्लू ज़िला की ऊंची चोटियों पर हिमपात हो रहा है। किन्नौर और लाहौल स्पीति ज़िलो में हो रही बर्फबारी से सेब सीजन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इस बर्फबारी से भेड़ पालकों और गुज्जरों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बर्फबारी के चलते किन्नौर ज़िला की रोपा वैली में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है जबकि निगुलसरी और नाथपा के पास हुए भूस्खलन के कारण एनएच–5 आज कई घंटे बाधित रहा। राजधानी शिमला में भी आज दिनभर रूक–रूक कर वर्षा होती रही। मौसम विभाग ने आज आगामी 24 घंटों के दौरान चंबा, लाहौल स्पीति और कुल्लू ज़िलों में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा और बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है जबकि राज्य के अन्य ज़िलों में भी हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

रक्तदान शिविर

अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा महोत्सव के मौके पर आज कुल्लू में ज़िला प्रशासन, ज़िला परिषद, ज़िला रैडक्रास सोसायटी और स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारम्भ मंडी के मंडल आयुक्त डॉक्टर आर.के. पुरथी ने किया। उन्होंने इस पुनीत कार्य के लिए सभी संस्थाओं का आभार जताया। पुरथी ने युवाओं से आग्रह किया कि वे इस प्रकार के सार्वजनिक कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लें और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने में सहयोग करें। ज़िला प्रशासन ने सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा– जवाबदेही के साथ करें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का इस्तेमाल।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–कांग्रेस के संगठन विस्तार की तैयारियां पूरी–इसी महीने होगी घोषणा।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप– प्रदेश सरकार पर एफआईआर दर्ज करने की सनक सवार।
- प्रदेश हाईकोर्ट का भाजपा विधायक रणधीर शर्मा के चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका खारिज करने से इंकार।
- प्रदेश में तीसरे दिन भी वर्षा व बर्फबारी का दौर जारी– तापमान में जोरदार गिरावट से बढ़ी कंपकपी।

––––––––––––––––